तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3

श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिन विदुर एवं प्रह्लाद की कथा सुनने उमड़े श्रदालु



## खबर संक्षेप

### जनगणना के द्वितीय चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण 26 से

**कोरबा।** जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के कार्यों के लिए चार्ज अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण 26 से 29 अक्टूबर तक दो बैचों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगा। पहले बैच का प्रशिक्षण 26 और 27 अक्टूबर को होगा। इसमें जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक तथा ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक चार्ज से एक तकनीकी सहायक शामिल होंगे। दूसरे बैच का प्रशिक्षण 28 और 29 अक्टूबर को निर्धारित है।

### संभाग स्तरीय परामर्श बैठक 28 को

**कोरबा।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने के संबंध में 28 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से देवकी नंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक आयोजित की गई है। राज्य शासन द्वारा गठित समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों से विचार एवं सुझाव लिए जाएंगे। बैठक में बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों के प्रमुखों के साथ शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट नागरिकों, गणमान्य नागरिकों प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया।

रजगामार चौकी क्षेत्र का मामला, 19 अक्टूबर को लापता हुई थी मासूम बच्ची

# मासूम की जघन्य हत्या करने वाले आरोपी को फांसी की मांग को लेकर चक्काजाम, फिर किया चौकी का घेराव

## न्यायालय में अधिवक्ताओं ने आरोपी की जमकर धुनाई




चौकी का घेराव करते ग्रामीण।



रास्ता पर पेड़ गिराकर चक्काजाम करते ग्रामीण।



आरोपी का सिर मुंडवाकर निकाला गया जुलूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार बस्ती में रहने वाली एक सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या किये जाने के मामले में आरोपी को जंगल से गिरफ्तार कर जैसे ही पुलिस चौकी लेकर पहुंची लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और आरोपी को फांसी दी जाने की मांग को लेकर सड़क पर पेड़ गिराकर चक्काजाम कर दिया गया। कुछ देर बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया लेकिन आक्रोश कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर रजगामार चौकी का घेराव कर दिया और घंटों हंगामा होते रहा। जिसके बाद पुलिस आरोपी को न्यायालय लेकर पहुंची और इस दौरान भी अधिवक्ताओं ने आरोपी की जमकर धुनाई की। इस बीच पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर उसे जेल दाखिल कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजगामार बस्ती स्थित करीम पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले प्रकाश जोशी की सात वर्षीय मासूम पुत्री भाव्या जोशी 19 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर से 50 रुपए लेकर घर के समीप स्थित दुकान में सामान लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी थी। जिसके बाद पुलिस पिछले कई दिनों से मासूम की तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच गुरुवार की दोपहर प्रकाश जोशी के घर से लगभग 500 मीटर दूर नदी किनारे हर्रा पेड़ के नीचे भव्या का शव बरामद किया गया था। मासूम की लाश मिलने के बाद पुलिस ने संदेही की धरपकड़ के लिए प्रयास किया और पुलिस ने बांगो थाना क्षेत्र के जंगल से मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसकी गला दबाकर ⏭शेष पेज 3 पर

### आरोपी का पैरवी नहीं करेंगे अधिवक्ता

मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी और नृशंक हत्या के मामले ने पूरे कोरबा को झाकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले की त्वरित गिरफ्तारी संतोष जनक है लेकिन इस मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई मांग नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने किया है। अधिवक्ता संघ कोरबा के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और महिला अधिवक्ताओं ने भी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आरोपी की पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है वह स्वागत योग्य है। मासूम बच्ची के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए सभापति नूतन सिंह के साथ अधिवक्ता संघ कोरबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह , सहसचिव रवि भगत की टीम पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद करेगा।

### 20 रुपए गुम हो गया था मासूम का

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मासूम 50 रुपए लेकर 19 अक्टूबर को सामान लेने के लिए अपने घर से दुकान गई थी। जहां 30 रुपए का समान खरीदी थी और 20 रुपए उसके हाथ में बचा हुआ था। इस बीच रास्ते में मासूम के हाथ से 20 रुपए कहीं गिर गया। जिससे परेशान होकर मासूम वहां रोने लगी, मासूम को रोता हुआ देख आरोपी मौके पर पहुंचा और उसे 20 रुपए वापस देने की बात से बरगलाते हुए उसे अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और मासूम इस घटना के बारे में बता ना दे इसलिए आरोपी अमित चौहान ने अपने शर्ट से मासूम की गला घोंटकर मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि आरोपी पेशे से ट्रक ड्रायवर है और पिछले 6 महीने से खाली बैठा हुआ था।

### शव मिलने के 12 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि रजगामार क्षेत्र से नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। लगातार सर्चिंग के दौरान 22 अक्टूबर को रजगामार पुरानी बस्ती के पीछे पुराने ईंट-भट्ठे के समीप जंगल में बालिका का शव बरामद हुआ। जांच के दौरान प्रकरण में धारा 103(1), 66 बीएनएस एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 6 जोड़ी गई। सीसीटीवी फुटेज, लास्ट सीन थ्योरी एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही अमित चौहान की पहचान कर तलाश की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को बागो थाना क्षेत्र के सुदूर जंगल से गिरफ्तार किया। प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं डॉक्टरी मुलाहिजा के पश्चात पुलिस द्वारा वैधानिक अग्रिम कार्रवाई की जाएगी और मामले को फास्ट ट्रेक कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसका सिर मुंडवाया और उसका जुलूस भी निकाला गया।



## खबर संक्षेप

### बिजली विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बिलासपुर।** ग्रामीण सर्किल अंतर्गत मस्तुरी क्षेत्र में बिजली विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर बिजली की चोरी पकड़ी है। इस दौरान मीटर बायपास, गैर घरेलु कनेक्शन, औद्योगिक कनेक्शन पर विजिलेंस और इंटरनल जांच दल ने कार्रवाई की है। विजिलेंस के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों ने मस्तुरी क्षेत्र के 89 कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान विभाग को 27 जगहों पर बिजली चोरी मिली 25 घरों में डायरेक्ट चोरी और 2 घरों में व्यवसायिक उपयोग करते हुए बिजली चोरी पकड़ी गई। उड़नदस्ता टीम ने बिलासपुर, जांजगीर, बलौदा बाजार, रायगढ़ जैसे जिलों में एक साथ कार्रवाई को अंजाम दिया है। मस्तुरी, पचपेड़ी, जयरामनगर, चिल्हाटी क्षेत्र में चोरी पकड़ी है। इसी प्रकार मुंगेली में 77 कनेक्शन की जांच की गई, जहां 7 जगहों पर डायरेक्ट बिजली उपयोग करते पकड़ा गया है। वहीं 10 जगहों पर घरेलु कनेक्शन को व्यवसायिक तरीके से उपयोग करने का प्रकरण बनाया गया है।

### 118 किमी रेल लाइन का उद्घाटन होगा आज

**बिलासपुर।** सतना से देवेन्द्रनगर के बीच 53 किलोमीटर और रींवा से चुरहट तक 65 किलोमीटर सहित 118 किलोमीटर रेल लाइन का उद्घाटन 24 अक्टूबर को होगा। जोन मुख्यालय के अनुसार आजादी के बाद पहली बार सीधी जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ना विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे यात्री परिवहन एवं माल ढुलाई को गति मिलने के साथ औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार व रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। वित्त वर्ष 2026-27 में रेल विकास के लिए 15188 करोड़ का रिकार्ड बजट आबंटित किया गया है। 118379 करोड़ की रेल परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

### झारसुगुड़ा तक नहीं चलेगी जेडी पैसेंजर 26 नवम्बर से

**बिलासपुर।** 26 नवम्बर से गोंदिया से झारसुगुड़ा तक चलने वाली ट्रेन बिलासपुर में समाप्त करने के बाद झारसुगुड़ा स्टेशन तक नहीं चलेगी। जानकारी के अनुसार झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में 27 नवम्बर से 14 दिसम्बर तक 18 दिन का प्री नान इंटरलाकिंग कार्य, 15 दिसम्बर को 10 घंटे का नॉन इंटरलाकिंग कार्य, 16 व 17 दिसम्बर को दो दिन का पोस्ट नॉन इंटरलाकिंग कार्य निर्धारित है। इस कार्य के दौरान 68861/68862 को निरस्त करने के बजाय आंशिक रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

कोनी नर्सरी से खरीदकर लाए गए पौधे मिशन अस्पताल परिसर में डंप पड़े हैं

# कागजों में छा रही हरियाली, सैकड़ों पौधे लगाए ही नहीं गए, डंप होकर सूख रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किए गए पौधरोपण की कई तस्वीरें चिंतित करने वाली और सवाल खड़ी करने वालीं हैं कि क्या कागजों में हरियाली छाएगी। अभियान के तहत 5 हजार के करीब पौधे कोनी स्थित सरकारी नर्सरी से मंगाए गए थे। इसमें करीब 15 लाख रुपए खर्च भी किए गए लेकिन सैकड़ों पौधे अभी भी मिशन अस्पताल परिसर में डंप पड़े हैं और इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। अब तो बरसात भी गुजर गई तो जाहिर सी बात है कि यह पौधे अब नहीं लगाए जाएंगे और इसी तरह सूख जाएंगे।हर साल बारिश पूर्व पौधरोपण के लिए बड़े बड़े दावे किए जाते हैं और अभियान चलाया जाता है। लाखों रुपए खर्च करके पर्यावरण जागरूकता के नाम पर प्रचार- प्रसार और आयोजन किए जाते हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जिले भर के नर्सरियों से निगम के अमले और वाहनों के जरिये पौधे परिवहन कर मंगाए गए ताकि इन्हें वसुंधरा में रोप कर धरती को हरा भरा बनाया जा सके। मिशन अस्पताल परिसर में लेकिन सैकड़ों की संख्या में डंप पौधे सच्चाई को जाहिर कर रहे हैं। यह पौधे बता रहें कि पौधरोपण के नाम पर कागजों में पेड़ लगाया जा रहा है और आंकड़ें भी पूरे कागजी ही हैं।

■ अब बरसात भी गुजर गई, इसलिए पौधे लगाने पर सूख जाएंगे



### तीन साल पहले भी खर्च हुए थे 20 लाख

इससे पहले भी निगम ने शहर की सड़कों, उद्यानों, गली-मोहल्लों में तीन साल पहले साढ़े 6 हजार से अधिक पौधे लगाए थे हरियाली लाने के लिए 20 लाख रुपए से अधिक खर्च किए गए, लेकिन शहर में ही धूल के गुबार हैं और हरियाली कहीं नहीं दिखाई दे रही है। सड़कों के बीच डिवाइडर में महंगे पाम ट्री लगवाए गए थे, जिसमें से आधे सूख चुके हैं। डिवाइडरों में जितने पौधे लगाए गए थे। उनमें से चंपा व अन्य प्रजातियों के पौधे ही नजर आ रहे हैं। पाम या तो गायब हो गए हैं या सूख चुके हैं। रविंद्रनाथ टैगोर चौक से पुराना बस स्टैंड के बीच पाम ट्री के सौ से ज्यादा पौधे लगाए गए थे। इसमें से आधे से ज्यादा पौधे सूख गए। जो बच गए हैं उनकी देखभाल भी सही तरीके से नहीं हो रही है।

### दावे के विपरीत हकीकत अलग

गौरतलब है कि एक पाम ट्री की कीमत 800 रुपए थी। नगर निगम ने इसके 300 पौधे मंगवाए थे। इन्हें नेहरू चौक से कलेक्टोरेट, मुख्य डाकघर और रायपुर रोड में जेपी वर्मा कॉलेज जरहाभाठा तक डिवाइडर में लगवाए गए थे। जरहाभाठा मंदिर चौक से लेकर राजीव गांधी चौक तक भी सड़क पर लगे पाम ट्री सूख गए हैं। न तो इन्हें बदला गया है और न ही उनके स्थान पर कोई दूसरा पौधा लगाया गया है। इधर उद्यान विभाग का दावा है कि रोड डिवाइडरों पर नियमित रूप से पानी डाला जाता है। इसके बावजूद अधिकांश पौधे सूख रहे हैं।

### जानकारी ली जाएगी

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। इसे लंबे समय तक प्रभावी बनाए रखने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है। यदि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाती है, तो यह पहल शहर में हरियाली बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मिशन अस्पताल परिसर में रखे गए पौधे कहां के और इन्हें क्यों नहीं लगाया गया, इसकी जानकारी ली जाएगी।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

# काम में लापरवाही, इंजीनियर और ठेकेदार को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम कमिश्नर और स्मार्ट सिटी के एमडी प्रकाश कुमार सर्वे ने शुक्रवार को नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जारी निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

उसलापुर के हाफा रोड स्थित चौराहे पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जानी है। लगभग 50 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित प्रतिमा स्थापना एवं स्थल विकास कार्य का निरीक्षण करते हुए निगम कमिश्नर ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और सब इंजीनियर हितेश मक्कड़ तथा ठेकेदार जितेंद्र सोनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर ने मधुबन में बनाए जा रहे एजुकेशन सिटी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन नालंदा परिसर और एकेडमिक ब्लॉक का जायजा लेते हुए उन्होंने समय पर काम पूरा करने कहा।

■ निगम और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जारी निर्माणाधीन विकास कार्यों का कमिश्नर ने निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने सकरी स्थित पीएम आवास योजना के तहत निर्माणाधीन एएचपी आवास का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मंगला स्थित निर्माणाधीन 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर सड़क के कार्य को जल्द प्रारंभ करने कहा। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर कोनी स्थित कन्वेंशन सेंटर भी पहुंचे, जहां कार्य अपने अंतिम चरण में है। कन्वेंशन सेंटर में फिनिशिंग समेत अन्य शेष कार्यों को 20 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश अधिकारियों और ठेकेदार को दिए गए है।

### साढ़े 11 करोड़ में बन रहा कोनी बस डिपो

ई बस सेवानिगम कमिश्नर ने पीएम ई बस सेवा के तहत बनाए जा रहे बस टर्मिनल और चार्जिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। ध्यान रहे कि पीएम ई-बस सेवा के तहत बिलासपुर के लिए कुल 50 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। इनमें 9 मीटर की 35 और 7 मीटर की 15 बसें शामिल हैं। ई-बसों के संचालन के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में टर्मिनल कॉम्प्लेक्स, सब-स्टेशन एवं चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए 11 करोड़ 45 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें सिविल अधोसंरचना निर्माण के लिए 8 करोड़ 37 लाख रुपये, सब-स्टेशन के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपये तथा उच्चदाब विद्युत कनेक्शन के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपये का प्रावधान है। वर्तमान में सिविल अधोसंरचना निर्माण का लगभग 80 प्रतिशत और सब-स्टेशन निर्माण का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उच्चदाब विद्युत कनेक्शन के लिए आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण सीएसपीडीसीएल द्वारा किया जाएगा

# दो पक्षों में मारपीट, बुजुर्ग पर ईट से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मामूली बात में दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों ने सिरगिट्टी थाने में घटना की शिकायत की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



दरअसल भंगड़ापारा, बन्नाकडीह सिरगिट्टी निवासी दसवीं कक्षा का छात्र साहिल मिरी अपने चचेरे भाई कृष्णा मिरी के साथ उसके बर्थडे कार्यक्रम में शामिल होने हरदीकला टोना गया था। इसी दौरान दोनों शराब भट्ठी के पास गए, जहां एक व्यक्ति ने उनके वहां आने पर आपत्ति जताते हुए कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। छात्र का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। बाद में कुछ अन्य लोग भी वहां पहुंचे और कथित तौर पर हाथ-मुक्कों तथा हाथ में पहने चूड़े से उसके सिर के पिछले हिस्से पर हमला किया। बीच-बचाव करने पहुंचीं उसकी बुआ संतोषी मिरी और दादी मुन्नीबाई मिरी के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में गणेशराम यादव, दीपक यादव, राम कौशिक और अन्य लोगों के नाम बताए गए हैं।

वहीं, दूसरे पक्ष की शिकायत के अनुसार, हरदीकला टोना निवासी डेयरी कारोबारी गणेशराम यादव 50 वर्ष दूध बेचकर घर लौट रहे थे । इसी दौरान शराब भट्ठी के पास दो युवकों को बातचीत करते देखकर उन्होंने उन्हें वहां रुकने का कारण पूछते हुए समझाने की बात कही।

आरोप है कि इस पर साहिल मिरी नामक युवक ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पास में पड़े ईंट के टुकड़े से उनके बाईं आंख के नीचे वार कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई और खून निकलने लगा। गणेश यादव ने अपनी शिकायत में घटना के दौरान आसपास लोगों के मौजूद होने की बात भी कही है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट लिखने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर 65 हजार की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराए के मकान में ताला लगाकर अपनी पिता के घर जाना एक महिला को महंगा पड़ गया, सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने 25 हजार नकद सहित 65 हजार का माल पार कर दिया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र के चिंगराजपारा की है, पुलिस प्रार्थिया की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चिंगराजपारा देवनचाल निवासी अलफिया खान पति स्वतंत्र साहू गृहिणी हैं। 22 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे अपने देवनचाल स्थित किराए के मकान में ताला लगाकर पास के बगल में रहने वाले माता-पिता के घर सोने चली गई। इस दौरान घर पूरी तरह से सूना था। 23 अक्टूबर की सुबह 10 बजे घर लौटने पर घर का ताला टूटा मिला, और अंदर जाकर देखने पर आलमारी के सभी सामान अस्त व्यस्त फैले थे। आलमारी में रखा मंगलसूत्र, सोने का लाकेट, बाली, चांदी का पायल,5 जोड़ी बिछिया, चांदी का 8 नग अंगेली, चांदी का ब्रेसलेट व 25 हजार नगद सहित 65 हजार का माल चोरी हो चुके थे। महिला की शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 10 थानों के टीआई व एसआई बदले गए

**बिलासपुर।** दीपावली से पहले कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 10 निरीक्षक व 1 एसआई को इधर से उधर किया है। इस फेरबदल के तहत शहर के कई अति-महत्वपूर्ण थानों सिविल लाइन, कोतवाली, तोरवा, सिरगिट्टी, तारबाहर और चकरभाठा के प्रभारियों में बदलाव किया गया है।

वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइन थाना में पदस्थ किशोर केंवट को वापस सिरगिट्टी भेज दिया गया है। उनकी जगह रविशंकर तिवारी को सिविल लाइन थाना प्रभारी बनाया गया । सरकंडा, कोटा और एसीसीयू का लंबा अनुभव रखने वाले निरीक्षक तोपसिंह नवरंग की बिल्हा से कोतवाली में पदस्थापना दी गई है। वहीं कोतवाली प्रभारी देवेश सिंह राठौर का तबादला सरगुजा किया गया है। काफी दिनों से रक्षित केन्द्र में ड्यूटी दे रहे निरीक्षक सनीप रात्रे को तारबहार थाने की कमान सौंपी गई है। कोतवाली, कोनी और तखतपुर जैसे थानों का अनुभव रखने वाले निरीक्षक विवेक पांडे को तोरवा थानेदार बनाया गया है। वहीं तोरवा टीआई रजनीश सिंह को रक्षित केंद्र भेज दिया गया है। सिरगिट्टी टीआई वाईपी सिंह को जिला विशेष शाखा भेजा गया है, एएसआई शोभनाथ यादव को विशेष शाखा से सिरगिट्टी थाना भेजा गया है। विशेष शाखा में जमें अजय साहू को बिल्हा टीआई बनाया गया है। समंस और वारंट शाखा में कार्यरत निरीक्षक अनिल अग्रवाल को चकरभाठा थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे को प्रभारी समंस, वारंट शाखा में पदस्थ किया गया है।

# कैथा में महिला की निर्मम हत्या से सनसनी, पड़ोसी पर आरोप

हरिभूमि न्यूज : हसौद

थाना क्षेत्र के कैथा गांव में गुरुवार रात एक 45 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के ही पड़ोसी रंजीत धनवार पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। हसौद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



परिजनों के अनुसार घटना गुरूवार 22 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे की है। आरोपी रंजीत धनवार महिला के घर पहुंचा और विवाद करने लगा। उस समय घर में महिला की दो नाबालिग नातिनें मौजूद थीं, जो डर के कारण घर से बाहर निकल गईं। आरोप है कि इसके बाद महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से करीब 50 मीटर दूर खेत के पास ले जाया गया और पेट, हाथ, कमर सहित शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के चार बेटे रबी, सोमनाथ, विशाल और कुरु हैं। पति सहित परिवार के अन्य सदस्य रोजगार के लिए बाहर गए हैं। महिला अपने छोटे बेटे कुरु और दो नातिनों के साथ रह रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि रात में चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो महिला खून से लथपथ पड़ी थी। परिजनों का कहना है कि दो नाबालिग बच्चियों ने आरोपी को विवाद करते देखा है, जो जांच में अहम गवाह बन सकती हैं। गांव में इस वारदात के बाद महिलाओं में भय का माहौल है और लोग आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर स्वयं कैथा पहुंचे, घटनास्थल का जायजा लिया, परिजनों से जानकारी ली और हसौद पुलिस को त्वरित जांच, साक्ष्य संकलन और आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मरवाही पहुंचा 52 हाथियों का दल



**बिलासपुर।** पसान से 52 हाथियों के दल ने मरवाही वन मंडल के अंदर प्रवेश करने के बाद ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरु कर दिया है। हाथियों की वजह से ग्रामीण काफी दहशत में हैं, जिन्हें वन विभाग की टीम समिति के माध्यम से अलर्ट करने के साथ समझाइश भी दे रही है।



■ कर रहा फसलों का नुकसान

पिछले 20 दिनों से कटघोरा और मरवाही वन मंडल के बीच पसान के पास नदी और जंगल में विचरण कर रहे 52 हाथियों के दल ने अचानक मरवाही क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। हाथियों का दल मटियाडांड बीट के अखराडांड कक्ष क्रमांक 2002 और दानीकुंडी के पास विचरण कर रहा है। हाथियों की अचानक आने के कारण ग्रामीण भी काफी दहशत में आ गए हैं। वहीं मरवाही क्षेत्र के मुख्य एरिया में भी हाथियों के अचानक आने की आशंका से लोग भयभीत हो गए हैं। हाथियों की मौजूदगी को देंखते हुए वन विभाग भी सतर्क हो गया है। गुरुवार की देर रात से हाथियों के दल ने एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल मौके पर पहुंचकर लगातार हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। वहीं आसपास के ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की अपील की जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने में सावधानी बरतने, हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाने की समझाइश के साथ परेशानी नहीं करने की सलाह भी देना शुरु कर दिया गया है, ताकि हाथी किसी तरह से आक्रमक न हो सके।

इस संबंध में मरवाही वन मंडल के उप वनमंडलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि 52 हाथियों का दल वर्तमान में दानीकुंडी के पास विचरण कर रहा है। हाथियों के दल ने अब तक फसलों को ही नुकसान पहुंचाया है, वहीं जनहानि और किसी भी मकान को क्षति नहीं हुई है। गांव व जंगल की समिति के माध्यम से मुनादी कराने के साथ अलर्ट किया जा रहा है। वहीं हाथी मित्र दल, स्क्वायड की टीम लगातार हाथी पर निगरानी रखे हुए हैं।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र से योजनाओं का लाभ, दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने का मामला सामने आया है। थाना जांजगीर पुलिस ने जितेंद्र बघेल और बैजनाथ बघेल के खिलाफ धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि जितेंद्र बघेल ने खुद को ग्राम मसान निवासी फूल सिंह कंवर का पुत्र बताकर तहसील जांजगीर से जाति व आय प्रमाण पत्र बनवा लिया। इसके बाद अंत्यावसायी विभाग में झूठा शपथ पत्र दिया कि उसने बैंक से कोई ऋण नहीं लिया, जबकि पंजाब नेशनल बैंक से ऋण लिया हुआ था। ऋण लेते समय बैजनाथ बघेल को जमानतदार बनाया गया, जिन्हें शिकायत में जितेंद्र का असली पिता बताया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

# रुपए नहीं देने पर युवक पर हमला, 4 के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज : चांपा

नगर के हनुमान धारा जाने वाले रोड पर सद्दू चौक में चार युवकों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी जिससे घायल युवक अपनी जान बचाकर चांपा थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया गया घटना को लेकर चांपा पुलिस जांच में जुट गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रमन कंसारी गुरूवार 22 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे कॉलेज रोड स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवा कर वापस अपने घर जा रहा था जहां बीच रास्ते में मान्य भवन के समीप सद्दू चौक में चार युवक संगम यादव, सोमेश यादव, मिनी यादव एवं परमेश्वर रजक ने मिलकर अपने भाई को पैसे नहीं देने की बात पर बेल्ट से मारा। वही परमेश्वर रजक ने रोड के पास रखे पत्थर से जान से मारने की नीयत से पत्थर से रमन कंसारी के ऊपर हमला कर दिया। रमन कंसारी अपने आप को बचाते हुए अपने दोस्त के पास पहुंचा अपने परिवार वालों को जानकारी दी। घटना की जानकारी देते हुए अपराध पंजीबद कराया गया। तत्काल पुलिस एक्शन में आते हुए आरोपियों की पताशाजी में जुट गई हैं। आरोपियों द्वारा बेल्ट और पत्थर से मारने से पीड़ित के हाथ पर पीठ सहित अन्य जगहों पर चोटें आई है जिसका उपचार जारी है। बहरहाल घटना को लेकर चांपा पुलिस जांच में जुट गई है।

## सक्ती जिले का मामला, मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

# खरीदी शुरू होने के पहले ही अवैध कारोबार पर शिकंजा, 7 सौ बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज : सक्ती

जिले में धान खरीदी का सीजन शुरू होने से पहले ही मंडी विभाग ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टेमर फाटक के पास सामान्य जांच के दौरान करीब 700 बोरी धान से भरा ट्रक जब्त किया गया है। इस सीजन में जिले में अवैध धान परिवहन पर यह पहली बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। ट्रक में वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मंडी अमले ने धान को जब्त कर मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक और कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 23 अक्टूबर को सक्ती के टेमर फाटक के पास मंडी विभाग की टीम सामान्य निरीक्षण कर रही थी। तभी वहां से गुजर रहे एक ट्रक को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक के अंदर करीब 700 बोरी धान लोड मिला। पूछताछ में पता चला कि यह धान बम्हनीडीह स्थित कान्हा राइस मिल से नवापारा कला स्थित रुकमणी राइस मिल ले जाया जा रहा था, लेकिन परिवहन के दौरान चालक धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज, बिल या परमिट प्रस्तुत नहीं कर पाया। दस्तावेजों के अभाव में इसे अवैध परिवहन मानते हुए मंडी विभाग ने ट्रक सहित पूरे धान को जब्त कर लिया। अधिकारियों के अनुसार जब्त धान पर मंडी अधिनियम के तहत पांच गुना मंडी टैक्स वसूलने की प्रक्रिया की जाएगी। विभाग का कहना है कि धान खरीदी सीजन में किसानों के हितों की रक्षा और अवैध धान की आवक रोकने के लिए आगे भी इसी तरह चेकिंग अभियान जारी रहेगा और अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में सक्ती मंडी के सचिव प्रेम कुमार का कहना है कि धान के परिवहन को लेकर जानकारी मिली है। जिसके आधार पर टीम द्वारा परिवहन को लेकर दस्तावेज मंगाए गए। इसे लेकर चालक द्वारा किसी तरह का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके आधार पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 7 सौ क्विंटल जब्त किया गया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



कार्रवाई करने पहुंचे अफसरों की टीम।

## खबर संक्षेप

### कौन बनेगा डिजिटल स्टार के विजेता को किया पुरुस्कृत

**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार द्वारा इस वर्ष कौन बनेगा डिजिटल स्टार का इनाम भी रखा गया था। जिसमें नवरात्रि के दुर्गा पूजा, माता के आगमन से माता के विसर्जन तक का विडियो को अत्यधिक प्रचार प्रसार करने एवं सबसे अधिक व्यू करने वाले डिजिटल क्रिएटर को 5100/ रूपये का इनाम रखा गया था। जिसे पाली के रितिक पटेल ने इस डिजिटल क्रिएटर के इनाम को प्राप्त किया। जिसे इनाम की राशि, प्रशस्ति पत्र व शील्ड दिया गया। इसके अलावा जितेंद्र यादव, रमेश प्रजापति, राहुल यादव को भी सम्मानित किया गया। निलेन्द्र राठौर, विनय चंद्राकर, नवनीत गुप्ता, हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव, दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर,तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर,जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल जी,डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर,आशीष अग्रवाल, कमल श्रीवास, यदुराज राठौर, देवेश शर्मा, राजू गुप्ता, बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत, आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना, हेम साहू, नवल राठौर, रामलाल प्रजापति, यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने एसईसीएल महाप्रबंधक से की मुलाकात

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा के महाप्रबंधक अभिजीत भट्टाचार्य से सौजन्य मुलाकात कर छठ घाट के मरम्मत की मांग की है। 23 अक्टूबर को नवनियुक्त महाप्रबंधक श्रीमान अभिजीत भट्टाचार्य से पार्षद प्रतिनिधि सुशील गर्ग एवं शैलेन्द्र सिंह ने मुलाकात कर कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही, आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए छठ घाट की मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने हेतु आग्रह किया गया। इस पर महाप्रबंधक ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि 13 नवंबर तक छठ घाट की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**चैतमा।** ग्रामीणों को त्वरित स्वास्थ्य लाभ मिल सके इसके लिए शासन द्वारा गांव-गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई है और स्वास्थ्य कर्मी भी पदस्थ हैं किंतु उक्त स्वास्थ्य कर्मी जब उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगाकर नदारत रहे तो ग्रामीण इलाज कराने कहां जाए। ग्राम पंचायत मानिकपुर में मांगामार केराकछार एवं मानिकपुर के ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य लाभ हेतु मानिकपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है जहां पर तीन स्वास्थ्य कर्मी भी पदस्थ हैं किंतु वह आए दिन उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगाकर गायब रहते हैं। जिससे इलाज के लिए जाने वाले ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में डॉ यादव से पूछने पर बताया कि वहां की प्रभारी अर्चना राठौर को कई बार स्पष्टीकरण जारी किया गया है किंतु उनमें कोई सुधार नहीं आया है जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने मांग किया है कि उनका तत्काल ट्रांसफर कर किसी दूसरे स्वास्थ्य कर्मी को पदस्थित किया जाए ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।

### नन्हे कलाकारों ने रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति से बांधा समां

**कोरबा।** भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेरणा महिला मंडल, कोरबा पूर्व द्वारा अपने आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में रामलीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित सुंदर नाट्य प्रस्तुति दी। बच्चों के सहज अभिनय, उत्साह एवं शानदार प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका कंसल एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा, उपाध्यक्षाओं तथा मंडल की अन्य सदस्याओं ने सपरिवार उपस्थित होकर बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कादंबरी राणा, राजेश्वरी सिंह ,गीता पैकरा, भारती खरे एवं श्वेता चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## निधन

### पारसनाथ तिवारी



**कोरबा।** सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर माधव प्रसाद तिवारी के पिता पारसनाथ तिवारी (108 वर्ष) का निधन हो गया। वे पत्रकार पवन तिवारी के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

### तीर्थ दर्शन योजना के तहत 850 श्रद्धालु जगन्नाथ पुरी, लिंगराज एवं कोणार्क मंदिर दर्शन के लिए रवाना

# उद्योग मंत्री ने रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बिलासपुर संभाग के लगभग 850 श्रद्धालुओं को जगन्नाथ पुरी मंदिर, लिंगराज मंदिर एवं कोणार्क मंदिर के दर्शन हेतु रवाना किया गया। कोरबा रेलवे स्टेशन से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से प्रारंभ हुई इस यात्रा का शुभारंभ उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा का अवसर मिलता था। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया था। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस जनकल्याणकारी योजना को पुनः प्रारंभ किया है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सफाई कर्मियों के पैर धोकर उनका सम्मान करते हैं। इसी भाव से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रदेश के बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन का अवसर प्रदान कर उनका सम्मान और अभिनंदन कर रहे हैं। यह योजना बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सेवा भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज इस योजना के तहत पहली ट्रेन को जिले से रवाना किया जा रहा है, जो हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बुजुर्गों की आस्था, सम्मान और उनके तीर्थ दर्शन के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रेम कुमार साहू, फिरत राम साहू, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना, नगर निगम के अपर आयुक्त पवन वर्मा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करते उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

**बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा किसी सपने से कम नहीं**

इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि तीर्थ यात्रा करना प्रत्येक बुजुर्ग का सपना होता है, लेकिन आर्थिक एवं अन्य साधनों की कमी के कारण कई बार वे अपनी इस इच्छा को पूरा नहीं कर पाते। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस योजना के माध्यम से बुजुर्गों के तीर्थ दर्शन के सपने को साकार कर रही है। यह पहल उनके लिए अत्यंत आनंद और सम्मान का अवसर है।

# उद्योग मंत्री ने बरेठ समाज को दी सामुदायिक भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते पौने तीन वर्षों में शहर के सभी समाजों की मांगों के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं। समाज का विकास ही शहर के विकास की पहली सीढ़ी है। इसी भावना के साथ लगभग 60 समाजों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी जा चुकी है। बरेठ समाज को नए सामुदायिक भवन की सुविधा मिली है, वहीं कहरा समाज को भी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सशक्त नेतृत्व में कोरबा में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। बीते तीन वर्षों में 1100 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने रशियन हॉस्टल के समीप ढोढ़ीपारा में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कही। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न समाजों एवं वार्डों में विकास कार्यों की सौगात देते हुए कुल 96.76 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत जीटी हॉस्टल, सीएसईबी के नहर पुल के समीप बरेठ समाज की मांग पर डीएमएफ मद से 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं, वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया एवं आसपास के क्षेत्रों में 81.76 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिन विकास कार्यों सौगात मिली उनमें वार्ड क्रमांक 15, जीटी हॉस्टल सीएसईबी के नहर पुल के समीप बरेठ समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण 15 लाख रुपये शामिल है तथा वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया में 48.61 लाख रुपये के मुक्तिधाम निर्माण एवं विकास कार्य, वार्ड क्रमांक 18 में 6.60 लाख रुपये के पचरी निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 18, बावापारा कोहड़िया में 6.57 लाख रुपये के पचरी निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 18 में 9.98 लाख रुपये के सामुदायिक भवन के समीप पेवर ब्लॉक, शेड एवं अतिरिक्त विकास कार्य, कहरा मोहल्ला में 10 लाख रुपये के सामुदायिक भवन के समीप शौचालय, किचन शेड एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

# अरबन चैलेंज फंड एवं अरबन इनवेस्ट विंडो की कार्यशाला में शामिल हुईं महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राज्य के शहरों को आधुनिक, सुविधाजनक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में 21 अक्टूबर को नवा रायपुर स्थित मेफेयर रिसोर्ट में एक महत्वपूर्ण पहल हुई। अरबन चैलेंज फंड एवं अरबन इनवेस्ट विंडो के अंतर्गत हुडको और नगरीय निकाय विभाग के बीच आयोजित पहली क्षेत्रीय कार्यशाला में समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। इस आयोजन में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत भी शामिल हुईं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित विभिन्न जिलों के महापौर एवं नगर निगम आयुक्त उपस्थित रहे। कार्यशाला में शहरी विकास की भावी जरूरतों, आधुनिक नगरीय अधोसंरचना के निर्माण, निवेश के नए अवसरों और शहरों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में शहरों को बेहतर सड़क, स्वच्छता, जल निकासी, नागरिक सुविधाओं और व्यवस्थित आधारभूत ढांचे की आवश्यकता है। ऐसे में अरबन चैलेंज फंड एवं अरबन इनवेस्ट विंडो जैसी पहलों के माध्यम से शहरी विकास से जुड़ी परियोजनाओं तथा निवेश की संभावनाओं पर चर्चा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य नगरीय विकास की चुनौतियों को समझते हुए शहरों के लिए बेहतर योजनाओं और वित्तीय संसाधनों की संभावनाओं पर विचार करना रहा। हुडको और नगरीय निकाय विभाग के बीच हुआ एमओयू शहरी विकास से संबंधित सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, कोरबा शहर के लिए किसी विशिष्ट परियोजना, स्वीकृत राशि अथवा कार्य प्रारंभ होने की घोषणा की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

कार्यशाला में महापौर संजू देवी राजपूत की सहभागिता को कोरबा के नगरीय विकास से जुड़े विषयों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कोरबा जैसे औद्योगिक शहर में बेहतर बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिवेश, मजबूत नगरीय अधोसंरचना और नागरिकों को सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना विकास की प्रमुख आवश्यकताओं में शामिल है। इस तरह की क्षेत्रीय कार्यशालाएं विभिन्न शहरों की जरूरतों, विकास की चुनौतियों और उपलब्ध संसाधनों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करती हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिन विदुर एवं प्रह्लाद की कथा सुनने उमड़े श्रदालु



कथा का श्रवण करते श्रोतागण।



कथा वाचक श्रीकांत त्रिपाठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

मित्तल परिवार महामाया राईस मिल कटघोरा के द्वारा महामाया राईस मिल के प्रांगण में 21 से 27 अक्टूबर तक आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी जी ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को विदुर चरित्र एवं भक्त प्रह्लाद के जीवन प्रसंग की कथा सुनाई। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु राईस मिल के प्रांगण में पहुंचे, जिससे पूरा कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी ने महात्मा विदुर ने कहा कि विदुर जी ने सदैव सत्य, धर्म और न्याय का साथ दिया। विपरीत परिस्थितियों और राजमहल के वैभव के बीच रहते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में नीति, धर्म और सदाचार को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने अपने ज्ञान एवं विवेक से समय-समय पर धृतराष्ट्र सहित कौरवों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मनुष्य की महानता उसके पद, धन अथवा वैभव से नहीं, बल्कि उसके विचारों, कर्मों और आचरण से होती है। महात्मा विदुर का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति को सत्य एवं धर्म के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। उनके चरित्र से प्रेरणा लेकर मनुष्य अपने जीवन में संयम, विवेक और सदाचार को अपनाकर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात कथा वाचक ने भक्त प्रह्लाद चरित्र का अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान श्रीहरि की भक्ति नहीं छोड़ी। पिता हिरण्यकश्यप द्वारा अनेक प्रकार की यातनाएं दिए जाने के बावजूद प्रह्लाद के मन में भगवान के प्रति आस्था और विश्वास अडिग रहा। उनकी अटूट भक्ति के कारण अंततः भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण कर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की और अधर्म का अंत किया। प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी ने कहा कि सच्ची भक्ति में विश्वास, धैर्य और समर्पण आवश्यक है। भक्त प्रह्लाद ने यह संदेश दिया कि जब भक्त की आस्था सच्ची हो तो स्वयं भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कथा स्थल भगवान श्रीहरि एवं भक्त प्रह्लाद के जयकारों से गूंज उठा।

# पूर्व राजस्व मंत्री के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एआईसीसी पदाधिकारी एवं वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान और संगठन प्रभारी अन्नव ज्योति पटनायक तथा कोरबा शहर प्रभारी पूर्व मंत्री उमेश पटेल का कोरबा आगमन हो रहा है। जो कोरबा जिला कमेटी शहर सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, सेवादल, अजा, अजजा प्रकोष्ठ, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक लेंगे।

कार्यक्रम की सफलता के लिए शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि संगठन में ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी का गठन कर संगठन को मजबूती से खड़ा करना आपकी जिम्मेदारी है। आपको बूथ तक खुद जाना होगा। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लॉक, मंडल एवं वार्ड के प्रमुख पदाधिकारियों को उनके निवासरत बूथ में बीएलए नियुक्त किया जाना जरूरी है। बूथ कमेटी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से गठन करना होगा, कहीं ऐसा ना हो कि बूथ कमेटी के जगह भूत कमेटी बन जाए। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आगे बताया कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चार ब्लॉक कमेटी बनाए गए हैं, जिसमें दर्री जमनीपाली 14 वार्ड, 60 बूथ, बालको 10 वार्ड 45 बूथ, कुसमुण्डा 6 वार्ड 20 बूथ और कोरबा 37 वार्ड 174 बूथ शामिल हैं ।

# छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ को दोहरी ऐतिहासिक खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ के पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने एशियन गेम्स की मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश एवं देश का मान बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की रिकर्व टीम ने पहली बार टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश की तीरंदाजी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

जयपुर की धरती पर आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली तीरंदाज गीतेश यादव, श्रेयांश वर्मा, युवराज एवं अविनाश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का तिरंगा गौरव के साथ लहराया। रिकर्व टीम की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के तीरंदाजी जगत में उत्साह एवं खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम लंबे समय से उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे, जब छत्तीसगढ़ के हमारे बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक तीरंदाजी उपकरणों के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतेंगे। आज वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में तीरंदाजी की प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। पिछले लगभग 25 वर्षों से संघ बेहतर उपकरणों, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं एवं योग्य प्रशिक्षकों की उपलब्धता के लिए प्रयास करता रहा है। संसाधनों के अभाव के बावजूद हमारे खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी। अनेक खिलाड़ियों ने अपने स्वयं के पैसों से आधुनिक उपकरण खरीदे, दिन-रात कठिन परिश्रम किया और अपने दृढ़ संकल्प से आज यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। श्री मुरारका ने कहा कि यह उपलब्धि केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के युवा तीरंदाजों के उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। उन्हें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं एवं एशियन गेम्स में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और देश के लिए पदक जीतेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, बिलासपुर में भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए घोषणा की थी कि ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ी तथा पदक दिलाने वाले कोच को 5-5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# कार्य में लापरवाही के कारण ठेकेदार को किया ब्लेक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा पूर्व वार्ड क्र. 22 वर्तमान वार्ड क्र. 25 के निहारिका पानी टंकी से वीर सावरकर होते हुए गरिमा मेडिकल तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य कराया जाना था, जिसका ठेकेदार असलम खान कांशीनगर का दिया गया था, ठेकेदार द्वारा समय पर अनुबंध कराया गया, अनुबंध के पश्चात उक्त कार्य के संपादन हेतु कार्यादेश जारी किया गया था। कार्यादेश अनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि 11 अप्रैल तक निर्धारित थी, किन्तु कार्य पूर्णता हेतु निर्धारित समयावधि समाप्ति के पश्चात लगभग 6 माह व्यतीत होने के उपरांत भी ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। कार्य स्थल पर ठेकेदार द्वारा आंशिक कार्य करते हुए बिना किसी पूर्व सूचना के कार्य बंद कर दिया गया। इस संबंध में निगम द्वारा ठेकेदार असलम खान कांशीनगर को 5 बार नोटिस क्रमशः 30 जनवरी, 16 फरवरी, 25 फरवरी, 27 मार्च एवं 6 मई को दिया गया था। किन्तु 6 माह बीत जाने के बाद भी उक्त कार्य को ठेकेदार द्वारा काम नहीं किया गया और न ही निगम के नोटिस का जवाब दिया गया। कार्य को समय-सीमा में पूर्ण नहीं किये जाने, प्रगतिरत कार्य को बिना किसी सूचना के ठेकेदार द्वारा कार्य बंद किये जाने के संबंध में नगर निगम कार्यालय के विभिन्न पत्राचार के माध्यम से कार्य प्रारंभ कर यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने के संबंध में निर्देशित किये जाने के पश्चात भी ठेकेदार द्वारा कार्य के प्रति अनिच्छा को परिलक्षित करता है, जो कि अनुबंध की कंडिका-2, 3 (i) (ii) (डी) का स्पष्ट उल्लंघन किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मासूम की जघन्य...

हत्या करने वाले रजगामार निवासी अमित चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों को जैसे ही पता चला कि मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या को अंजमा देने वाले आरोपी को रजगामार चौकी में रखा गया है। स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर रजगामार स्टेडियम समीप रोड पर पेड़ काटकर गिराकर चक्काजाम कर दिया। लोगों में आक्रोश इतना था कि कहीं आरोपी उनके हाथ लग जाती तो उसकी जमकर धुनई हो जाती। चक्काजाम से आम जनता की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझाइश दी जिसके बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया लेकिन फिर से सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण रजगामार चौकी पहुंचकर चौकी का घेराव कर दिया। इस लगातार मांग की जाती रही कि आरोपी को फांसी दी जाए। घंटों चौकी में लोग डटे रहे बाद में पुलिस ने लोगों को समझाइश दी जिसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। बताया जाता है कि कोर्ट से जैसे ही आरोपी को बाहर निकालकर जेल ले जाया जा रहा था इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। इस बीच वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव किया और किसी तरह आरोपी को सुरक्षित जेल दाखिल किया गया।







## फार्म 37
[नियम 61 (3 देखें)]

**मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वित्तीय के नाम में प्रमाण पत्र**

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर

रेफरी संख्या 10M/RTO/

26 दिनांक 13/10/20261

श्री/श्रीमती/ कुमारी निलेश कुमार यादव (रजिस्टर्ड/ है / एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कं.लि. (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 आर 8770 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे /उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथैकेशन, और:

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है। 2. आप फरार हो गए हैं। उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन का स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख..... Registering Authority
पंजीकरण प्राधिकरण का हस्ताक्षर

जो भी अनुचित हो, स्ट्राइक आउट करें।

सेवा

फाइनेंसर चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कं.लि.
व्यापार विहार, दिनदयाल गार्डन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)

वाहन स्वामी :- 203, केरा, झारिया, ग्राम पोड़ीलाफा जिला कोरबा पिन 495449 (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पांच व्यक्तियों पर लगा 4 हजार 4 सौ का अर्थदण्ड

**कोरबा।** निगम के वार्ड क्र. 26 श्री मेडिको से दादर नाला हनुमान मंदिर तक सड़क डामरकीरण का कार्य लगभग 1 करोड़ रूपये की राशि से कराया गया है। निगम द्वारा सड़क डामरीकरण कार्य किये जाने के पश्चात सड़क किनारे स्थित मकानों में रहने वाले 5 व्यक्तियों द्वारा नवीन सड़क पर पानी डालने की वजह से पानी का जमाव की स्थिति निर्मित होने के कारण सड़क के किनारे उखड़ने लगे तथा निगम द्वारा उक्त व्यक्तियों के ऊपर 4400 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। आयुक्त आशुतोष पांडे ने अपील किया हैं कि नवीन सड़कों में पानी की वजह से सड़के खराब होती है इसलिए आम लोगों से अपील है कि जहां-जहां पर सड़क डामरीकरण हो रहा है उसके आस पास सड़क किनारे स्थित मकान मालिकों से अपील है कि आप लोग घरों के आगे पानी डालकर पानी का जमाव न करे।

### राज्योत्सव का आयोजन 2 नवंबर को घंटाघर चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में

**कोरबा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कोरबा के घंटाघर चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में होगा। राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में 27 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय के नवीन सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक टीएल बैठक के उपरांत होगी। कलेक्टर कार्यालय ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्धारित तिथि और समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### राज्योत्सव में प्रस्तुति देने वाले कलाकार कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** जिले में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में जिले के सांस्कृतिक दल एवं कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम कोरबा के घंटाघर चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में होगा। इसके लिए जिले के सांस्कृतिक दलों एवं कलाकारों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए जिले के कलाकारो एवं सांस्कृतिक दलों से आवेदन मंगाए गए हैं। राज्योत्सव-2026 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देषभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हों वे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा में प्रविष्टि भर कर आवष्यक दस्तावेजे सीडी, पेनड्राइव गूगल फॉम में अपलोड/वेबसाईट लिंक सहित 30 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ती निवासी दिलीप धीवर उम्र 29 साल पिता मसतराम गुरुवार की शाम अपने घर में करंट की चपेट आ गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## एसईसीएल के रैवय्ये के खिलाफ जताया आक्रोश

# भूविस्थापितों के महासम्मेलन में कई अहम निर्णय व प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल और स्थानीय प्रशासन की तानाशाहीपूर्ण नीतियों के कारण दीपका क्षेत्र के भू-विस्थापित परिवारों का जीवन संकट में आ पड़ा है भूमि अर्जन और विस्थापन के 40 वर्ष बीत जाने के बाद भी विस्थापितों की समस्याओं का अंत नहीं हो सका है और रोजगार व पुनर्वास की मांगें आज भी अधर में लटकी हुई हैं एसईसीएल प्रबंधन की इस वादाखिलाफी और उपेक्षा के विरोध में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के तत्वाधान में ग्राम पंचायत अंडीकछार स्थित टिनठिकिया स्थान पर एक विशाल भू-विस्थापित महासम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस महासम्मेलन में दीपका क्षेत्र के अर्जित एवं पुनर्वासित गांवों सुवाभोड़ी, सिरकीखुर्द, चैनपुर, झाबर और बेलटिकरी के प्रभावित ग्रामीण युवा बुजुर्ग और महिलाएं एकजुट होकर एसईसीएल प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरें। ग्राम सुवाभोड़ी की प्रमुख मांगें पर लंबित मुआवजा एवं परिसंपत्तियों का अविलंब भुगतान 5 लाख रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि बसाहट पात्रता दस्तावेजों में व्याप्त नाम व जाति संबंधी त्रुटियों का तत्काल सुधार स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार का अधिकार के विषयों पर विशेष चर्चा पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही पुनर्वासित क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाएं सिरकी खुर्द चैनपुर झाबर बेलटिकरी ग्रामीणों को भूमि पट्टे का आवंटन पक्की सड़कें नाली पुल-पुलिया गार्डन सामुदायिक भवन मुक्तिधाम तालाब और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं लंबित मुआवजा व पुनर्वास नीति के तहत सभी पात्रताओं का पारदर्शी निपटारा भू-विस्थापित कोटा टेंडर व स्वरोजगार अधिकार वैकल्पिक स्वरोजगार हेतु निर्धारित 5 लाख की टेंडर सीमा को बढ़ाकर 20 लाख स्थानीय भू-विस्थापित ठेकेदारों के साथ किए जा रहे भेदभाव को तुरंत समाप्त के संबंध में भी निर्णय व प्रस्ताव पारित किये गये।

### प्रबंधन के खिलाफ लड़ी जाएगी अंतिम लड़ाई

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने दीपका क्षेत्र के समस्त प्रभावित ग्रामों के निवासियों माताओं-बहनों बुजुर्गों और विशेष रूप से युवाओं से अपील की है कि वे अपने हक और अधिकार की इस निर्णायक लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। वर्षों से अपनी जमीन देकर देश को रोशन करने वाले किसान आज अपने ही हक के लिए तरस रहे हैं एसईसीएल की इस तानाशाही रवैये को अब बर्दाश्त नहीं की जायेगा और महासम्मेलन में अन्य समस्याओं का भी ऐतिहासिक निर्णय व प्रस्ताव लिया गया तथा इसी मंच से एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ आगामी लड़ाई व संघर्ष की तैयारी की जाएगी।

# पड़ोसी जिले में पदस्थ आरक्षक ने हसदेव पुल से लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

पड़ोसी जिला सूरजपुर के तारा चौकी में पदस्थ एक 33 वर्षीय आरक्षक ने हसदेव नदी में छलांग लगा दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुट गई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक आरक्षक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आरक्षक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है।

मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के तारा चौकी में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार बैगा 33 वर्ष पिता जयश्री बैगा की करीब 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। शुक्रवार दोपहर को आरक्षक सुनील बैगा अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 14 एम 1898 में सवार होकर मोरगा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हसदेव नदी के नए पुल पर पहुंचा और अपनी मोटरसाइकिल को पुल पर ही खड़ी की और अपने कुछ सामान मोटरसाइकिल पर रखकर सीधे नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। गोताखोरों और बचाव दल द्वारा नदी में लगातार खोजबीन की जा रही है। घटना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। आरक्षक ने आत्महत्या जैसा यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इस संबंध में फिलहाल कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच कर रही है और लापता आरक्षक की तलाश तेजी से जारी है।

# कोयला कर्मचारियों को 1 लाख इंसेंटिव पर घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र धारक कर्मचारियों को दी जाने वाली 1 लाख रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि को लेकर विवाद सामने आया है। कोल इंडिया आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन ने कोल इंडिया के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर 14 सितंबर के कार्यालय ज्ञापन में आवश्यक संशोधन की मांग की है।

### खास बात

- कोल इंडिया आईटीआई एम्पलाइज एसोसिएशन ने पुराने प्रमाण पत्र धारकों के लिए उठाई आवाज

एसोसिएशन ने अपने पत्र में कहा है कि 14 सितंबर के कार्यालय ज्ञापन के तहत सेल तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों के वर्तमान कर्मचारियों को वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर 1 लाख रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पहले से वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर चुके कर्मचारियों के साथ भी समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कोल इंडिया आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन का कहना है कि केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की तारीख को आधार बनाकर पहले से प्रमाण-पत्र हासिल कर चुके कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि से वंचित करने से कर्मचारियों के बीच असमानता की स्थिति पैदा होगी। पत्र में यह भी कहा गया है कि आदेश के पैरा-2 में पहले से प्रमाण-पत्र धारित कुछ कर्मचारियों के लिए आदेश जारी होने की तारीख से दो माह के भीतर प्रमाण-पत्र जमा करने पर योजना का लाभ देने का प्रावधान है। संगठन ने मांग की है कि पहले से प्रमाण-पत्र जमा कर चुके कर्मचारियों के लिए भी लाभ स्पष्ट किया जाए।

### एसोसिएशन ने रखीं पांच प्रमुख मांगें

एसोसिएशन ने मांग की है कि आदेश जारी होने से पहले वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर चुके सभी पात्र कर्मचारियों को भी 1 लाख रुपए की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाए। संगठन ने यह भी कहा है कि जिन कर्मचारियों ने आदेश की तारीख से पहले प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है, उन्हें केवल प्रमाण-पत्र की तारीख के आधार पर लाभ से वंचित नहीं किया जाए। जिन कर्मचारियों के प्रमाण-पत्र पहले से कंपनी के रिकॉर्ड में उपलब्ध हैं, उनसे दोबारा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की औपचारिकता समाप्त कर उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर प्रोत्साहन राशि देने की मांग की गई है। इसके अलावा, आदेश में आवश्यक संशोधन अथवा स्पष्टीकरण जारी कर सभी पात्र कर्मचारियों को समान लाभ सुनिश्चित करने की मांग की गई है। कोल इंडिया आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन ने यह भी सवाल उठाया कि कंपनी में एक दशक से अधिक समय से पात्र कर्मचारियों के पास वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र होने के बावजूद उन्हें इस मद में प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई। संगठन ने कहा कि ऐसे कर्मचारियों को अब इस लाभ से वंचित करना उचित नहीं होगा। पत्र के अंत में एसोसिएशन ने कोल इंडिया प्रबंधन से विसंगति दूर करते हुए पहले से वैधानिक दक्षता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर चुके पात्र कर्मचारियों को भी 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का लाभ देने के लिए तत्काल संशोधित आदेश जारी करने की मांग की है।

# खाद्य विभाग ने ढाबे से चावल-आटा, स्वीट्स सेंटर से पनीर-लड्डू के लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली त्योहार को देखते हुए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में नूनेरा पाली स्थित पंजाब रंगीला ढाबा का निरीक्षण कर चावल और आटा के नमूने लिए गए। इसके साथ ही मुड़ापार स्थित दीपक स्वीट्स एंड डेयरी का भी निरीक्षण किया गया।

### खास बात

- दीपक स्वीट्स एंड डेयरी में नहीं मिली पर्याप्त हाइजीन व्यवस्था, सुधार होने तक क्रय-विक्रय बंद



कार्यवाही करती खाद्य विभाग की टीम।

निरीक्षण के दौरान दीपक स्वीट्स एंड डेयरी में स्वच्छता व हाइजीन व्यवस्था पर्याप्त नहीं पाई गई। इसके अलावा प्रतिष्ठान में पानी की जांच रिपोर्ट और कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभागीय टीम ने प्रतिष्ठान से पनीर और लड्डू के नमूने लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। विभाग ने प्रतिष्ठान संचालक को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आदेश जारी करते हुए व्यवस्था में सुधार होने तक प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का क्रय-विक्रय बंद करा दिया गया है। खाद्य विभाग की कार्रवाई से दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर प्रतिष्ठान संचालकों में भी सतर्कता बढ़ने की उम्मीद है। विभाग द्वारा लिए गए खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया में स्थित वन विभाग के एक अधिकारी के सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोरों ने 15 हजार रुपए नगद व सोने-चांदी की जेवरातों को पार कर दिया। वन अधिकारी की रिपोर्ट पर कटघोरा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार शारदा प्रसाद शर्मा वन परिक्षेत्र सहायक के पद पर कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल में पदस्थ हैं तथा कसनिया क्षेत्र में स्थित विभागीय आवास पर परिवार समेत निवास करते हैं। बताया जाता है कि श्री शर्मा गत 19 अक्टूबर की रात अपने ड्यूटी पर सिरमिना चले गए थे जबकि उनका परिवार भी दशहरा मनाने पेण्ड्रा गया हुआ था, घर सूना था। इसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ा और वहां प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के मंगलसूत्र, चांदी का कड़ा समेत अन्य जेवरात व 15 हजार रुपए नगदी समेत 50 हजार रुपए का सामान ले उड़े। घर में चोरी की जानकारी 20 अक्टूबर की सुबह तब हुई जब पड़ोसी ने मकान का ताला टूटा देखा और इसकी सूचना मकान मालिक शारदा शर्मा को दी। जिस पर वे अपने आवास पहुंचे और अंदर जाकर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था तथा आलमारी में रखे जेवरात व नगद गायब थे। तत्काल इसकी सूचना कटघोरा थाना प्रभारी को दी गई, जिस पर उसने मौके पर पहुंचकर जांच की और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दी है।

## निर्यात कार्यशाला में उद्यमियों को दी गई निर्यात प्रक्रियाओं और अवसरों की जानकारी

**कोरबा।** जिले के उद्योगपतियों एवं उद्यमियों को निर्यात की प्रक्रियाओं, उपलब्ध अवसरों तथा उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्यात कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन आरएएमपी योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा द्वारा कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड के माध्यम से किया गया। इसमें जिले के लगभग 30 उद्योगपति एवं उद्यमी शामिल हुए। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को निर्यात गतिविधियों से जुड़ने और अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार तलाशने के प्रति प्रोत्साहित किया गया। जिले में निर्यात संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल की गई।




